# खंड-2

## उपखंड-3

# वैदिक काल से पूर्व मध्यकाल तक सामाजिक परिवर्तन एवं निरंतरता के तत्त्व

## (Social Changes and elements of Continuity from Vedic Period to Pre Medieval Period)

**By Manikant Singh**

1. ऋग्वेद के पुरुषसूक्त में चतुर्वर्ण व्यवस्था के विषय में निम्नलिखित में कौन-सा/से संकेत मिलता है?

1. वर्ण व्यवस्था ईश्वर निर्मित थी।
2. वर्ण व्यवस्था में स्तर भेद था।
3. समय-समय पर वर्ण क्रम बदलता रहता था।
4. शूद्र वर्ण का दायित्व ऊपर के तीनों वर्णों की सेवा करना था।

कूट:

(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1, 2 और 4

(c) केवल 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

2. निम्नलिखित में किस/किन कारकों ने जाति व्यवस्था के विकास को प्रोत्साहन दिया?

1. वर्ण विभाजन का आधार जन्म का होना

2. प्रतिलोम विवाह

3. निम्न वर्ण के लोगों द्वारा उच्च वर्ण के पेशों का उल्लंघन

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

3. निम्नलिखित में किस/किन कारण से जातियों की संख्या में विस्तार हुआ?

1. वर्णसंकर जाति का आगमन
2. विभिन्न पेशेवर समूहों का आगमन
3. शिल्प श्रेणियों का जाति के रूप में ढलना

कूट:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3

(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 2 और 3

4. उत्तर वैदिक काल में महिलाओं के सामाजिक दशा में गिरावट के कौन-से कारण थे?

1. चतुर्वर्ण व्यवस्था का स्थापित होना
2. कृषि का विकास
3. महिलाओं को शिक्षा से वंचित किया जाना

कूट:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

5. कथन ( A ):- समय के साथ जातियों की संख्या में वृद्धि होती गई।

कारण ( R ):- नए-नए पेशों का आगमन हुआ।

कूट:

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

6. निम्नलिखित में किस/किन वर्ग का समर्थन बौद्ध पंथ एवं जैन पंथ दोनों को प्राप्त हुआ?

1. राजा
2. व्यापारी
3. गृहपति

कूट:

(a) केवल 2 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

7. अशोक के धम्म के विषय में निम्नलिखित में कौन-सा कथन सत्य है/हैं?

1. अशोक का धम्म एक राज धर्म था न कि एक व्यक्ति का धर्म।

2. यह अधिकारियों तथा लोगों के लिये निर्देश था।

3. यह सहयोग एवं सद्भावना की बात करता था।

4. यह लोगों को अपने व्यक्तिगत धर्म के प्रति समर्पित रहने का संदेश देता था।

कूट:

(a) केवल 3 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

8. अशोक तथा कौटिल्य की विदेश नीति के संबंध में क्या सत्य है?

1. अशोक की विदेश नीति शांति की भावना पर आधारित थी तो कौटिल्य की विदेश नीति युद्ध को प्रोत्साहित करती थी।

2. कौटिल्य की राज्य संरचना में सेना एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखती थी तो अशोक ने सेना का परित्याग किया।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 (d) दोनों में से कोई नहीं

9. मौर्योत्तर काल में निम्नलिखित में कौन-सा/से पंथ ने मूर्ति-निर्माण को अपनाया?

1. बौद्ध
2. जैन
3. ब्राह्मण

कूट:

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

10. बोधिसत्व निम्नलिखित में किसका बोध कराता है?

1. करुणामय निस्वार्थ सेवा
2. भक्ति भाव
3. सभी प्राणियों का निर्वाण

कूटः

(a) केवल 2

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3